भोपाल, शुक्रवार
12
मई 2025

# Sahaj yog news

Youtube-sahaj yog news

वर्ष : 01 | अंक : 26

rakeshthakur93346@gmail.com
Whatsapp No : 8517002540

DigitalEpaper:sahajyognews.com



# भारत का सबसे बड़ा न्यूज नेटवर्क देखते रहें






## Youtube sahaj yog news

## Sahaj yog news.com
## Digital e paper sahaj yog news

# सेना ने कहा–पाकिस्तान ने सीजफायर तोड़ा तो करारा जवाब देंगे

## ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन के 40 सैनिक मारे, 100 आतंकी ढेर किए ; 5 भारतीय जवान शहीद

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के 25 घंटे बाद रविवार शाम 6-30 बजे तीनों सेनाओं ने 1 घंटा 10 मिनट तक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशन (छ्वत्रस्रू) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, वाइस एडमिरल एएन प्रमोद और एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी दी। भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई की शाम 5 बजे संघर्षविराम हुआ था। इसके कुछ घंटे बाद पाकिस्तान ने सीजफायर तोड़कर जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में फायरिंग और ड्रोन से हमला किया था।

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा- आप सबको पता है कि पहलगाम अटैक में किस क्रूरता से 26 लोगों को मारा गया था। इसके बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान और क्कश्य स्थित आतंकी ठिकानों को टारगेट किया। इसमें दुश्मनों को भारी नुकसान हुआ। ऑपरेशन सिंदूर के तहत 7 मई को हुई कार्रवाई में सीमा पार 9 ठिकानों पर हमने 100 आतंकवादी मार गिराए। इसमें कंधार हाईजैक और पुलवामा अटैक में शामिल 3 बड़े आतंकी चेहरे भी शामिल थे। 7 मई को हुई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल्स से हमारे बॉर्डर स्टेट्स में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की। हमनें उन्हें हवा में ही मार गिराया। एक भी टारगेट सक्सेस नहीं होने दिया। इसके बाद हमने पाकिस्तान को जवाब देते हुए सख्त कार्रवाई की, जिसमें पाकिस्तानी सेना के 35 से 40 सैनिक और अफसर मारे गए। बॉर्डर और स्लृष्ट पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में हमारे 5 जवान शहीद हुए हैं। मुरीदके के टेररिस्ट कैंप में हवा से सतह पर मार करने वाली 4 टारगेटेड मिसाइल से हमला किया और उसे न्यूट्रलाइज्ड किया।

लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने बताया, बहावलपुर ट्रेनिंग कैंप में कई इन्फ्रास्ट्रक्चर को चुना, जहां आतंकवाद को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सकता था। इन दो टेररिस्ट कैंप को हमने टारगेट बनाया और इन्हें तबाह किया। हमने टेररिस्ट और टेररिस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर को टारगेट किया। पाकिस्तानी मिलिट्री और किसी और इन्फ्रास्ट्रक्चर को टारगेट किया। 7 मई की शाम UAV और ड्रोन से पाकिस्तान ने हमला किया। ये किसी लहरों की तरह थे। इनमें से 3 लैंड कर पाए, लेकिन ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। हमने उनके आतंकवादियों को निशाना बनाया। उन्होंने मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर और सिविलियंस को निशाना बनाया।


एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती


लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई

**एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती** -हमने 7 मई की रात उनके लाहौर और गुजरांवाला स्थित रडार सिस्टम को निशाना बनाया। हम उन्हें यह बताना चाहते थे कि उनके मिलिट्री ठिकाने हमारी पहुंच से दूर नहीं थे। 8-9 मई को पाकिस्तान ने ड्रोन और एयरक्राफ्ट से हमारे बॉर्डर पर हमला किया था और मिलिट्री ठिकानों को निशाना बनाने की उनकी ज्यादातर कोशिशें नाकाम रहीं। पाकिस्तान ने 8-9 मई की रात श्रीनगर से नलिया तक ड्रोन और एयरक्राफ्ट से हमला किया। उन्होंने जो टारगेट चुने थे, उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा। यह हमला आधी रात तक जारी रहा। मिलिट्री या सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चर पर नुकसान नहीं हुआ। वे लड़ाई चाहते थे और हम तैयार थे। हमने उनके मिलिट्री ठिकानों पर हमला किया। उनके लाहौर और गुंजरावाला के सर्विलेंस राडार ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद उनके ड्रोन अटैक सुबह तक जारी रहे, जिसका हमने जवाब दिया। लाहौर के करीब से ड्रोन अटैक लॉन्च किए गए थे। उन्होंने अपने और इंटरनेशनल पैसेंजर विमान एयर स्पेस में उड़ने दिए।

जम्मू, उधमपुर, पठानकोट, नाल, डलहौजी, फलौदी में इन्होंने हमला किया। हम तैयार थे, हमारे ट्रेंड क्रू ने एयर डिफेंस सिस्टम से तबाह कर दिया। हमारी जमीन पर उनके लगातार हमलों से कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उनके लगातार एयरबेस और पोस्ट पर हमले के बाद हमने उन्हें जवाब दिया। हमने वहां हमला किया, जहां उन्हें सबसे ज्यादा दर्द हो।

हमने उनके एयरबेस कमांड सिस्टम, मिलिट्री एयरबेस को हमला किया। चकलाला, रफीकी, रहरयार खान में हमला किया। हमने उन्हें कहा कि आक्रामकता को माफ नहीं किया जाएगा। हमारे पास उनके हर बेस पर हर सिस्टम को निशाना बनाने की क्षमता है। हम चाहते हैं कि हमारे शत्रु आगे तनाव बढ़ाने की कोशिश ना करें। हमारी लड़ाई पाकिस्तानी मिलिट्री या किसी और से नहीं है। हमारी लड़ाई आतंकवादियों से है, जिन्हें हमने निशाना बनाया। लेकिन उन्होंने ड्रोन, यूएवी से हमला किया। हमारे पास जवाब देने के अलावा कोई रास्ता नहीं था। हम यह करने की क्षमता रखते हैं। हमने पहलगाम अटैक के बाद अरब सागर में कई ड्रिल की, हथियारों की चेकिंग की। हम अपनी तैयारी को परख रहे थे। नेवी ने पाकिस्तानी नेवी को लगातार मॉनिटर किया। हम उनकी हर लोकेशन और मूवमेंट से वाकिफ थे।

मुझे 10 मई को पाकिस्तानी डीजीएमओ ने कॉल किया। पाकिस्तान के डीजीएमओ से 3.30 मिनट पर बातचीत हुई। जिसमें तय हुआ कि 7 बजे के बाद से कोई हमला नहीं किया जाएगा। अगली बातचीत 12 मई को होगी। कुछ ही घंटों बाद ही उन्होंने संघर्ष विराम तोड़ा। ड्रोन अटैक किया और फायरिंग की।

हमने उन्हें मैसेज भेजा कि हम पर किए गए हमले का जवाब हमने दिया है। अगर आज रात भी ऐसा किया तो हम जवाब देंगे। इसके बाद हमारे आर्मी चीफ ने हमें जवाब देने के लिए पूरी अथॉरिटी दी है। हमारे 5 जवान मारे गए, उन्हें हम श्रद्धांजलि देते हैं। हमने तनाव बढ़ाने वाली कोई प्रतिक्रिया नहीं की, लेकिन अगर हमारी संप्रभुता और अखंडता पर हमला किया गया तो इसका निर्णायक जवाब देंगे। एयर मार्शल भारती ने बताया, मुझे 10 मई को पाकिस्तानी डीजीएमओ ने कॉल किया। पाकिस्तान के डीजीएमओ से 3.30 मिनट पर बातचीत हुई। जिसमें तय हुआ कि 7 बजे के बाद से कोई हमला नहीं किया जाएगा। अगली बातचीत 12 मई को होगी।

# पाकिस्तानी हाई कमीशन को सूचना देते 2 जासूस पकड़े

**अमृतसर।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के ऐलान के बाद रविवार को मालेरकोटला पुलिस ने 2 पाकिस्तानी जासूसों को गिरफ्तार किया है। ये भारतीय सेना की मूवमेंट की जानकारी पाकिस्तान के हाई कमीशन को भेज रहे थे। अब इनसे पूछताछ जारी है। वहीं, पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में हालात सामान्य होने लगे हैं। शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस ने कहा कि सभी स्कूल-कॉलेज कल (12 मई) से खुल जाएंगे। हालांकि, पाकिस्तान बॉर्डर से सटे अमृतसर, फिरोजपुर, तरनतारन और पठानकोट के साथ बरनाला के DC ने जिलों में सभी स्कूलों को बंद रखने के आदेश दिए हैं। इसी के साथ गुरदासपुर के बटाला, फिरोजपुर और पठानकोट प्रशासन ने लोगों से आज रात भी ब्लैकआउट करने की अपील की है। अमृतसर, फिरोजपुर, फाजिल्का, तरनतारन, पठानकोट और गुरदासपुर में लोगों ने बॉर्डर से सटे गांव खाली कर दिए थे। अब वे घर लौटने लगे हैं। पठानकोट और जम्मू बॉर्डर पर भी बाजार खुल गए हैं। इसके अलावा, जालंधर में सेना की वर्दी में 4 संदिग्ध देखे गए हैं। इन्होंने मंदिर में पहुंचकर पुजारी से खाना-पानी मांगा था। इसके बाद इसे पुलिस इनकी तलाश में जुटी हुई है।



# युवाओं को रोजगार देकर स्वावलम्बी प्रदेश बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता-मुख्यमंत्री डॉ . यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे राज्य का युवा सक्षम, योग्य और आत्म-निर्भर बने यह राज्य सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि रोजगार और स्वरोजगार देकर स्वावलम्बी समाज और स्वावलम्बी प्रदेश बनाया जाये। इस दिशा में हम तेजी से लगातार आगे बढ़ रहे है। प्रदेश में हर क्षेत्र में रोजगार सृजन के लिये तेजी से प्रयास किये जा रहे है, चाहे वह परम्परागत दुग्ध पालन का क्षेत्र हो या आधुनिक आईटी का क्षेत्र। प्रदेश में रोजगार आधारित औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिये इंड्रस्टी कॉन्क्लेव व्यापक स्तर पर आयोजित की गई। इसके बेहतर परिणाम भी सामने आ रहे है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज रविवार को दशहरा मैदान, इंदौर में आयोजित महापौर मेगा रोजगार मेला के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रोजगार मेले को मिले बेहतर प्रतिसाद की सराहना की और कहा कि ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से सरकार और प्रशासन युवाओं को अवसर, मंच और मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। उन्होंने युवाओं को रोजगार देने की दिशा में इंदौर जिले में हर एक पंचायत में स्थापित किये गये उद्योग लगाने के अभियान की भी प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि इंदौर जिले में अभियान चलाकर सभी पंचायतों में उद्योग स्थापित कराने का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से कहा कि आज का युग कौशल का है। डिग्री के साथ व्यवहारिक ज्ञान और संवाद कौशल भी ज़रूरी हैं। मुझे गर्व है कि इंदौर ने इस दिशा में एक अनुकरणीय पहल की है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से अपील की कि वे इन अवसरों का लाभ उठाएँ और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत-पाकिस्तान संबंधों और सीमा सुरक्षा के मुद्दे पर कहा कि देश अब पहले जैसा नहीं रहा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी शक्ति, रणनीति और तकनीकी क्षमता से यह सिद्ध कर दिया है कि हम शांति चाहते हैं, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर करारा जवाब देना भी जानते हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने एक नई दिशा प्राप्त की है।



# गुजरात के बॉर्डर इलाकों में हालात सामान्य

## गुजरात से राजस्थान जाने वाली नाइट ट्रेनें भी बहाल

**अहमदाबाद।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद गुजरात के बॉर्डर इलाकों में हालात सामान्य हैं। सड़कों पर आवाजाही बढ़ गई है और दुकानें-होटलें खुल गई हैं। गुजरात से राजस्थान जाने वाली नाइट ट्रेनें भी बहाल कर दी गई हैं। वहीं, कच्छ और जामनगर में फिलहाल ब्लैकआउट के निर्देश नहीं हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार शाम 5 बजे सीजफायर की घोषणा हुई थी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा था कि अब दोनों देश जमीन, आकाश और समुद्र में एक-दूसरे पर हमला नहीं करेंगे। सीजफायर के बावजूद पाकिस्तान ने गुजरात के बॉर्डर इलाकों में फिर से हमले की कोशिश की थी। इससे तीन जिलों भुज, जामनगर और द्वारका के 94 गांवों में ब्लैकआउट कर दिया गया था। सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द रहेंगी भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के फैसले के बाद राज्य के सभी शहरों में हालात सामान्य होने लगे हैं। हालांकि, इसके बावजूद गृहराज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकारी कर्मचारियों की रद्द छुट्टियों का फैसला अगले आदेश तक बरकरार रहेगा। कंडला पोर्ट भी खुला कंडला कच्छ में स्थित देश का सब से बड़ा बंदरगाह है। आयात-निर्यात से पूरी दुनिया से जुड़ा हुआ है। कंडला बंदरगाह का प्रशासन कंडला पोर्ट ट्रस्ट के हाथ में है जिसका पूरा नियंत्रण भारत सरकार के जहाजरानी मंत्रालय के हाथ में है। आधिकारिक तौर पर कंडला पोर्ट को अब दीनदयाल पोर्ट के रूम में जाना जाता है।



# राजनाथ बोले- ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक पीड़ितों को इंसाफ दिलाया

## लखनऊ में ब्रह्मोस यूनिट की शुरुआत ; कहा- इस मिसाइल की धमक रावलपिंडी तक सुनाई दी

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट का वर्चुअली इनॉगरेशन किया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी, कहा- भारतीय सेना ने पराक्रम दिखा दिया है। आतंकवाद के लिए सरहद पार की जमीन भी सुरक्षित नहीं रहेगी। हमने केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही कार्रवाई नहीं की, बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गई, जहां पाकिस्तानी फौज का हेडक्वार्टर मौजूद है। रक्षा मंत्री ने कहा- हमने कभी उनके आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया, लेकिन जब पाकिस्तान ने भारत के नागरिक इलाकों, मंदिरों, गुरुद्वारों और चर्चों पर हमले का प्रयास किया। तब भारतीय सेना ने शौर्य और संयम के साथ उत्तर दिया। पाकिस्तान के अनेक सैन्य ठिकानों पर प्रहार करके करारा जवाब दिया।



**रक्षा मंत्री बोले- सीमा पार जाकर भी आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देंगे** -रक्षामंत्री ने कहा- भारत विरोधी और आतंकी संगठनों ने भारत माता के मस्तक पर हमला किया था। कई परिवार के सिंदूर मिटाए थे। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए इंसाफ दिलाने का काम किया। यह ऑपरेशन भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रदर्शन है। यह ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छा-शक्ति का प्रतीक है। यह अभियान आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ संकल्पशक्ति, सैन्य क्षमता और रणनीतिक पराक्रम का प्रमाण है।

भारत ने दुनिया को यह भी दिखाया है कि वह आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पठानकोट, उरी, पुलवामा, और अब ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों से यह साबित हो गया है कि भारत आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए हमारे पीएम ने स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत है जो केवल अपने क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि सीमा पार जाकर भी आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने का सामर्थ्य और संकल्प रखता है।

# कांग्रेस का पोस्टर- इंदिरा होना आसान नहीं

## राहुल बोले- सरकार संसद सत्र बुलाए, पायलट बोले- वॉशिंगटन से सीजफायर का ऐलान सवाल खड़े करता है

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर का ऐलान किया गया। एक दिन बाद कांग्रेस ने दिल्ली में हेडक्वॉर्टर के बाहर 'इंदिरा होना आसान नहीं' वाला पोस्टर लगाया। इस पोस्टर के साथ ही 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के सरेंडर वाली तस्वीरें भी लगाईं। पोस्टर में इंडिया मिस इंदिरा (भारत इंदिरा को याद कर रहा है) की बात भी लिखी गई। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को लेटर लिखकर संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने का अनुरोध किया है। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने भारत-पाक के बीच अमेरिका की मध्यस्थता को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने कहा- अमेरिका दो दिन पहले कहता है कि इस मसले से उसका कोई लेना देना नहीं है, फिर अचानक वॉशिंगटन से सीजफायर की घोषणा होती है, जो कई सवाल खड़े करती है।




**पायलट बोले- सरकार बताए कि सीजफायर किन शर्तों पर हुआ है** -सचिन पायलट ने भी कहा- भारत सरकार को एक सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और जो पिछली दो मीटिंग में नहीं हुआ। उस पर बात करनी चाहिए। प्रधानमंत्री को इस सर्वदलीय बैठक में आना चाहिए और पूरे देश और दलों को विश्वास में लेना चाहिए, क्योंकि सभी दलों ने अपनी विचारधारा को परे रखते हुए भारत सरकार को संपूर्ण समर्थन दिया था। पिछली जो सर्वदलीय बैठकें हुईं, उसमें प्रधानमंत्री नहीं आ पाए थे, ऐसे में एक और सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए, ताकि देश और विपक्ष को एक विश्वास मिले। सरकार को बताना चाहिए कि सीजफायर किन शर्तों पर हुआ है? क्या गारंटी है कि भविष्य में इस प्रकार की घटना को अंजाम नहीं दिया जाएगा? सचिन पायलट ने कहा कि 1971 में जब युद्ध छिड़ा था, तब अमेरिका ने कहा था कि हम बंगाल की खाड़ी में अपना सातवां बेड़ा भेज रहे हैं। तब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी आगे बढ़ीं और वो किया जो देशहित में जरूरी था। आज हम उन्हें याद कर रहे हैं। जब संसद पर हमला हुआ था, तब अटल जी प्रधानमंत्री थे और सोनिया गांधी जी नेता प्रतिपक्ष थीं। उन्होंने सदन के पटल पर खड़े होकर कहा था कि पूरा देश और पूरा विपक्ष सरकार के साथ है। उन्हीं परंपराओं को कायम रखते हुए प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी और तमाम दलों ने फिर से सरकार को पूरा समर्थन दिया था। पिछले कई दशकों से हमारी विदेश नीति बड़ी स्पष्ट थी। उसमें मध्यस्थता, समझौते और तीसरे पक्ष के शामिल होने की बात नहीं होती थी। हमारे सैनिकों ने पिछले दिनों जिस ताकत, शौर्य और कार्यकुशलता से पाकिस्तान को मजा चखाने का काम किया है, उस पर हम सभी को नाज और फ़ख्र है।

# मंदसौर, शहडोल, खरगोन और अशोकनगर में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

**भोपाल।** मध्यम प्रदेश में मई महीने में कई सिस्टम एक साथ एक्टिव होने से लगातार बारिश आंधी और ओले गिर रहे हैं। रविवार को कई जिलों में बारिश हुई। मंदसौर, शहडोल, खरगोन और अशोकनगर में दोपहर तेज हवाओं के साथ पानी गिरा। अशोकनगर में ओले गिरे। वहीं राजधानी भोपाल के कोलार इलाके मे तेज आंधी के साथ बूदांबादी भी हुई दिन में धूप-छाव चलता रहा। वहीं खजुराहो का तापमान 42 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के लिए अलर्ट जारी किया है।



**खजुराहो में 42 डिग्री पहुंचा पारा** -प्रदेश में मिली कुछ दिन की राहत के बाद तापमान में एक बार फिर बढ़ोतरी शुरू हो गई है। रविवार को प्रदेश में खजुराहो सबसे गर्म रहा यहां का अधिकतम तापमान 42.0 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं चार जिलों का पारा 40 व उससे ज्यादा दर्ज किया गया। बड़े शहरों में ग्वालियर में पारा 39.1 डिग्री पर पहुंच गया। भोपाल में 37.2 डिग्री, इंदौर में 35.5 डिग्री, उज्जैन में 36.5 डिग्री और जबलपुर में 37.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रीवा, सागर, सतना, उमरिया, सीधी, खंडवा और मंडला में तापमान 39 डिग्री के पार रहा। इकलौता हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान सबसे कम 30.2 डिग्री दर्ज किया गया। रायसेन में यह 34 डिग्री रहा।

# जनजातीय कला और शिल्प हमारी लोक संस्कृति की अनमोल धरोहर – राज्यपाल पटेल

## जनजातीय समुदाय की सतत आजीविका के लिए राज्य सरकार के प्रयास सराहनीय

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि जनजातीय द्वारा सदियों से संरक्षित खान-पान, लोक कलाएं, शिल्प, वस्त्र, आभूषण, उपकरण और चिकित्सा पद्धतियां सभी हमारी अनमोल धरोहर है। हमारी इस लोक संस्कृति का संरक्षण और प्रोत्साहन समाज का दायित्व है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जनजातीय समुदाय की सतत आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित मौलिक, स्वाभाविक, कला, शिल्प और संस्कृति की सृजनशीलता को निखार कर व्यवसायिक बनाने के प्रयासों की सराहना की है।

राज्यपाल श्री पटेल तीन दिवसीय शिल्प ग्राम महोत्सव के समापन कार्यक्रम को रवीन्द्र भवन में संबोधित कर रहे थे। महोत्सव का आयोजन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा वन्या प्रकाशन, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान और ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट के समन्वय से किया गया



था। राज्यपाल श्री पटेल ने समापन कार्यक्रम के पूर्व सभागार में उपस्थित कलाकारों के पास पहुंचे और समक्ष में उनसे चर्चा की। कार्यक्रम में राज्यपाल को बैतूल जिले के शिल्पकारों की बेल मेटल से बनी जनजातीय कलाकृति स्मृति प्रतीक के रूप में और महोत्सव के प्रशिक्षणार्थी शिल्पियों, कलाकारों द्वारा निर्मित उत्पादों का सेट भेंट किए गए। राज्यपाल का वरिष्ठ गोंड कलाकार श्री आनंद श्याम ने पारंपरिक गोंड परंपरा के अनुसार साफा और बीरन माला से स्वागत किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जनजातीय समुदाय के लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समुदाय को सक्षम बना कर उनके विकास और खुशहाली के लिए अभूतपूर्व कार्य किए हैं।पूरे देश में जनजातीय आबादी के लिए समान अवसरों के सृजन, सामाजिक-आर्थिक स्तर को उठाने, स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी ढांचे में सुधार और आजीविका के कार्य धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश की अति पिछड़ी जनजातियों जिनमें राज्य के बैगा, भारिया, सहरिया जनजातीय समुदाय शामिल हैं, उनके लिए जनमन योजना के तहत सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल तक पहुँच, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पोषण, सड़क एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर उपलब्ध कराए हैं।

# अब ट्रेनों की लेटलतीफी होगी खत्म

## भोपाल रेल मंडल ने शुरू की देश की पहली ऑप्टिकल फाइबर सिग्नल तकनीक, मिलेंगे साफ संकेत

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने रेलवे सिग्नलिंग में नई तकनीक की शुरुआत की है। भोपाल मंडल के अंतर्गत आने वाले निशातपुरा यार्ड में देश की पहली ऑप्टिकल फाइबर आधारित सिग्नल प्रणाली को शुरू किया गया है। यह नई तकनीक अब पुराने भारी-भरकम तारों से चलने वाली प्रणाली की जगह ले रही है। इसके तहत अब सिग्नल सीधे कंट्रोल रूम से ऑप्टिकल फाइबर के जरिए संचालित होंगे। पहले रेलवे सिग्नलिंग में बड़ी मात्रा में वायरिंग और मैनुअल हस्तक्षेप की ज़रूरत होती थी। इससे न केवल समय बर्बाद होता था, बल्कि तकनीकी खराबी की संभावना भी बनी रहती थी। नई तकनीक से अब ये परेशानियां नहीं होंगी।

**सुरक्षित और रियल-टाइम कंट्रोल मिलेगा** -इस नई प्रणाली में सिग्नल पोस्ट पर 'लैम्प आउटपुट मॉड्यूल' नामक उपकरण लगाया गया है, जो सीधे कंट्रोल रूम से ऑप्टिकल फाइबर के जरिए जुड़ा होता है। अब सिग्नल को ऑपरेट करने के लिए भारी



वायरिंग की ज़रूरत नहीं होगी। हर सिग्नल को अब तेज़, सुरक्षित और रियल-टाइम कंट्रोल मिलेगा, जिससे संचालन अधिक विश्वसनीय होगा।

**भोपाल से बीना तक लागू होगी तकनीक** -वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने जानकारी दी कि इस तकनीक को सबसे पहले निशातपुरा यार्ड के दो सिग्नलों-S/SH-15 और S/SH-16 पर लागू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पूरी प्रणाली को जून 2026 तक भोपाल से बीना रेलखंड में पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा। इसके बाद इसे देश के अन्य प्रमुख रेल खंडों पर भी शुरू करने की योजना है।

# स्वामी विवेकानंद की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा इंदौर में होगी स्थापित –मुख्यमंत्री डॉ .यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को आयोजित एक गरिमामय कार्यक्रम में इंदौर के सिरपुर स्थित देवी अहिल्या सरोवर उद्यान में स्वामी विवेकानंद की विश्व की सबसे ऊँची प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि-पूजन किया। महापुरुषों के जीवन दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से यह एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। यह भव्य प्रतिमा स्वामी जी की शिक्षाओं और दर्शन को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बनेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत में संत परंपरा अत्यंत समृद्ध रही है और उनमें से स्वामी विवेकानंद विलक्षण संत थे। उन्होंने निराकार ईश्वर के उपासक के रूप में मानवता की सेवा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया। स्वामी विवेकानंद का मानना था कि मैं देखूंगा तो ही मानूंगा जो उनके तर्कशील और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने शरीर के माध्यम से जीवन सेवा का



मंत्र दिया और आत्मनिर्भरता का आशीर्वाद प्राप्त कर मृत्यु पर विजय प्राप्त की। उन्होंने दुर्बलता और हीनता को जीवन का हिस्सा मानने से इनकार करते हुए इसे मृत्यु के समान बताया। उनका विश्वास था कि साहस, सामर्थ्य और आत्मबल के सहारे व्यक्ति सभी कमजोरियों को पार कर सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का संपूर्ण जीवन त्याग, सेवा और आत्मबोध का प्रतीक था। शिकागो धर्म संसद में दिया गया उनका ऐतिहासिक भाषण 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का जीवंत उदाहरण है, जिसने विश्व पटल पर भारत की संस्कृति और अध्यात्म का ध्वज लहराया। उन्होंने जीवन को अंदर से बाहर की ओर विकसित करने का मंत्र दिया और कर्म को ही साधना बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आह्वान किया कि स्वामी विवेकानंदजी के सिद्धांत और विचार आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए, ताकि समाज का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। यह मूर्ति स्थापना इस दिशा में एक बड़ा प्रयास है।

नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही यहां पर लाइब्रेरी की भी स्थापना की जाए, जिसमें स्वामी विवेकानंद से संबंधित साहित्य हो। इससे युवाओं को जीवन में सफलता के लिये मार्गदर्शन मिलेगा और जीने की नई राह मिलेगी।

# मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने इंदौर में किया माँ अहिल्या बावड़ी के जीर्णोद्धार के बाद नये स्वरूप का लोकार्पण

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवा इंदौर में कनाडिया में स्थित 200 वर्ष पुरानी माँ अहिल्या बावड़ी के जीर्णोद्धार के बाद नये स्वरूप का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस कार्य पर प्रसन्नता जतायी और कहा कि देवी अहिल्या के परोपकारी कार्य हमें आज भी प्रेरणा देते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यहाँ शिव मंदिर में पूजन किया और मां अहिल्या की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये।

जल गंगा संवर्द्धन अभियान के अंतर्गत इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से इसका जीर्णोद्धार कराया गया है। जल संसाधन मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि होलकर क़ालीन इस बावड़ी का निर्माण लगभग 200 साल पहले देवी अहिल्याबाई द्वारा कराया गया था। यह बावड़ी वर्तमान में अत्यंत




जीर्णशीर्ण दशा में थी, जिसे जीर्णोद्धार उपरांत नया स्वरूप प्रदान किया गया है। नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

संभागायुक्त एवं इंदौर विकास प्राधिकरण के प्रशासक श्री दीपक सिंह ने बताया कि जल गंगा संवर्द्धन अभियान अंतर्गत 60 मीटर लम्बाई, 21 मीटर चौड़ाई एवं 15 मीटर गहराई लिए हुए माँ अहिल्या बावड़ी का जीर्णोद्धार किया गया। इस बावड़ी की क्षमता 1.68 एमएलडी (लगभग 16 लाख 80 हजार लीटर) जल के संधारण की है। बावड़ी के जीर्णोद्धार के साथ ही प्राचीन शिव मंदिर को मूल स्वरूप में रखते हुए नवीनीकरण किया गया है। बावड़ी के आस-पास बाउंड्री वाल एवं सघन पौधरोपण भी किया गया है। मालवा की मूल कला, माँड़ना से बावड़ी पर सुंदर कलाकृति बनाई गई है, जो बावड़ी को विशेष आकर्षण प्रदान कर रही है।

## दिग्विजय सिंह ने सीएम मोहन यादव को पत्र लिखा

# कहा- नरवाई जलाने पर जुर्माना वसूलने के बजाय किसानों को जागरूक किया जाए

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में इस साल नरवाई जलाने के मामले तेजी से बढ़े हैं। अब तक पूरे प्रदेश में 33 हजार से ज्यादा नरवाई जलाने के मामले सामने आ चुके हैं। नरवाई जलाने पर किसानों को नोटिस देकर जुर्माना वसूला जा रहा है। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने इस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं।



**किसान को मिले नोटिस की कॉपी सीएम को भेजी** - विदिशा जिले की कुरवाई तहसील के विशनपुर गांव के किसान मनोज पुत्र रामेश्वर का जिक्र करते हुए दिग्विजय सिंह ने सीएम को एक पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि कुरवाई के विशनपुर निवासी किसान मनोज पुत्र रामेश्वर को तहसीलदार ने नरवाई जलाने पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाने का नोटिस दिया है। मैं इस नोटिस की कॉपी आपको भेज रहा हूं।

दिग्विजय सिंह ने आगे लिखा- किसानों को इस प्रकार के नोटिस बिना किसी जांच और स्थल निरीक्षण के सिर्फ सैटेलाइट इमेज के आधार पर दिए जा रहे हैं। कई किसानों का कहना है कि उन्होंने अपने खेतों में नरवाई नहीं जलाई है। खेतों की नरवाई में किसी अन्य कारण से आग लग गई, फिर भी उन्हें अर्थदंड के नोटिस दिए गये हैं।

**जुर्माना वसूलने के बजाय किसानों को जागरूक किया जाए**-इसके अलावा दिग्विजय सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में कई बार सूखी नरवाई में अपने आप आग लग जाती है। इस वजह से किसान इसका विरोध कर रहे हैं। मेरा सुझाव है कि नरवाई जलाने पर अर्थदंड वसूलने के बजाय किसानों को इस विषय में जागरूक किया जाए। मेरा आपसे अनुरोध है कि नरवाई जलाने को लेकर अर्थदंड लगाए जाने संबंधी आदेश को वापस लिया जाए और इस मुद्दे पर किसानों में जागरूकता अभियान चलाने हेतु उचित निर्देश दिए जाएं।

# अरेरा कॉलोनी-न्यू मार्केट में आज बिजली कटौती

**भोपाल।** भोपाल के करीब 30 इलाकों में सोमवार को 1 से 6 घंटे तक बिजली कटौती होगी। इन इलाकों में बिजली कंपनी मेंटेनेंस करेगी। इसके चलते सप्लाई पर असर पड़ेगा। जिन इलाकों में बिजली गुल रहेगी, उनमें अरेरा कॉलोनी, न्यू मार्केट, टीटी नगर, 74 बंगलो, समरधा जैसे कई पॉश इलाके भी शामिल हैं। ऐसे में नागरिकों को परेशानी से बचने के लिए अपने जरूरी काम पहले ही निपटाने की सलाह दी जा रही है।



**इन इलाकों में पड़ेगा असर**-सुबह 7.30 से 8.30 बजे तक 11 नंबर, ई-6, ई-7, अरेरा कॉलोनी एवं आसपास। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक 74 बंगलो, न्यू मार्केट एवं आसपास। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सांची कॉम्पलेक्स, 6 नंबर बस स्टॉप, नूतन कॉलेज, अंकुर स्कूल, नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग, मचना कॉलोनी, सरिता कॉम्पलेक्स एवं आसपास के इलाके। सुबह 10 से दोपहर 3.30 बजे तक पृथ्वी कॉर्ट यार्ड, लिबर्टी कॉलोनी, समरधा, चिनार कॉलोनी एवं आसपास के क्षेत्र। सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक टीटी नगर, मॉडल स्कूल, सीटीओ एवं आसपास के इलाके। सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक दीक्षा नगर, आशिमा रॉयल सिटी, लैंड मार्क, अमृत होम्स, गुलाबी नगर एवं आसपास।

# मानसून के पहले भोपाल शहर के सभी नाले-नालियों का वृहद सफाई अभियान

## मंत्री सारंग ने नगर निगम अधिकारियों को भोपाल के सभी नाले-नालियों की सफाई के दिये निर्देश

**भोपाल।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को भोपाल शहर में नाले-नालियों की वृहद रुप से साफ-सफाई अभियान अंतर्गत नरेला विधानसभा के प्रभात चौराहे पर ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण कर नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि मानसून में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो इसके लिए वृहद रूप से सफाई अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत भोपाल शहर के सभी नाले-नालियों की सफाई सुनिश्चित होगी। साथ ही नालों में लोग कचरा न डालें इसके लिए जनजागरण अभियान भी चलाया जाएगा। निरीक्षण के दौरान भोपाल नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि इस




बार मौसम विभाग ने अनुमान जताया है कि मानसून भोपाल में एक सप्ताह पहले प्रवेश करेगा। इसे देखते हुए भोपाल शहर के सभी नाले नालियों की सफाई वृहद के लिये अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष मानसून पूर्व नगर निगम सफाई अभियान चलता है। मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिये कि इस कार्य की शुरुआत पहले से ही कर दी जाए। इससे समय पर सफाई कार्य पूर्ण हो सकेगा और भविष्य में जलभराव की स्थिति निर्मित नहीं होगी।

# भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा की श्रद्धांजलि सभा

## प्रदेश बीजेपी कार्यालय में नेताओं ने सुनाए संस्मरण; पत्नी-बेटी भी शामिल हुईं

**भोपाल।** बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा का 30 अप्रैल को हार्ट अटैक से निधन हो गया था। रविवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय



में नरेन्द्र सलूजा की श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, बीजेपी प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, ग्वालियर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, प्रदेश प्रवक्ता डॉ हितेश बाजपेई, भोपाल भाजपा शहर अध्यक्ष रविंद्र यति और भोपाल के पत्रकार बड़ी संख्या में मौजूद रहे। श्रृद्धांजलि सभा में नरेंद्र सलूजा की पत्नी रिम्पी सलूजा और बेटी और बेटा भी शामिल हुए।

**कांग्रेस प्रवक्ताओं ने भी बीजेपी ऑफिस पहुंचकर दी श्रृद्धांजलि**-बीजेपी ऑफिस में आयोजित श्रृद्धांजलि सभा में कांग्रेस के प्रवक्ताओं अभिनव बरोलिया और फीरोज सिद्दीकी ने भी नरेन्द्र सलूजा को श्रृद्धांजलि अर्पित की।

**कांग्रेस से शुरु हुआ राजनीतिक सफर, कमलनाथ के करीबी रहे**-नरेंद्र सलूजा का राजनीतिक जीवन कांग्रेस से शुरू हुआ था। कॉलेज के छात्र जीवन से ही नरेंद्र सलूजा कांग्रेस में सक्रिय रहे। उन्होंने सामान्य कार्यकर्ता के रूप में राजनीतिक करियर शुरू किया था। वे शुरू से ही पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के कट्टर समर्थक रहे। इसके बाद ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष और फिर इंदौर शहर कांग्रेस के प्रवक्ता बने। अरुण यादव जब प्रदेश अध्यक्ष बने तो उन्होंने सलूजा को संभागीय प्रवक्ता बनाया।

# मदर्स डे पर ममता फोटोग्राफी एग्जिबिशन

## मां के पहली बार बच्चों को देखने की तस्वीरें आकर्षण केंद्र, बर्थ फोटोशूट शहर में नया ट्रेंड

**भोपाल।** यह तस्वीर उस पल की है, जब ऑपरेशन थिएटर में मां ने पहली बार अपने बच्चे की किलकारी सुनी, उसे देखा और छुआ। इन पलों को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, सिर्फ महसूस कर सकते हैं। इन्हीं पलों को अमर बनाने की कोशिश भोपाल की गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. प्रिया भावे चित्तावर ने की है। उन्होंने नवजात के जन्म के खास लम्हों को कैमरे में कैद किया और नाम दिया 'फर्स्ट क्राय बेबी शूट'। उन्होंने पिछले दो साल में 1500 से अधिक डिलीवरी के भावुक पलों को कैमरे में संजोया और 20 हजार से ज्यादा तस्वीरें खींची हैं। ये तस्वीरें मां-बाप के लिए अनमोल धरोहर बन गईं। मदर्स डे के उपलक्ष्य में भोपाल के रवीन्द्र भवन में शनिवार को लगी दो दिवसीय ममता मदर हुड फोटोग्राफी एग्जीबिशन में माताओं के जीवन के इन खास पलों को तस्वीरों के जरिए दिखाया गया है। जिसमें बच्चे का जन्म होते ही पहली बार



मां के उसे देखने की तस्वीरें सबसे ज्यादा आकर्षित कर रही हैं। एग्जीबिशन के आयोजक और इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस इन रिप्रोडक्टिव हेल्थ (हर हील हॉस्पिटल) की फाउंडर प्रिया भावे चित्तावर ने कहा डिलीवरी के तुरंत बाद बच्चे की तस्वीरें लेना भोपाल और प्रदेश के लिए थोड़ा नया है। हमारे हॉस्पिटल ने इसकी शुरुआत साढ़े तीन साल पहले की थी। उस समय लोग तस्वीरें लेने का पूछने पर काफी हिचकिचाते थे, लेकिन बाद में लोगों को ये काफी पसंद आने लगा और वो हमसे वीडियो बनाने की मांग करने लगे।

**गलती से वीडियो ऑन होने पर शुरुआत हुई** -प्रिया भावे ने बताया कि डिलीवरी के बाद बर्थ डॉक्यूमेंटेशन के लिए बच्चों की तस्वीरें लेते थे। एक बार ऐसे ही तस्वीर लेते हुए नर्स से फोटो की जगह वीडियो ऑन हो गई। वीडियो में पहली बार महिला के मुड़कर बच्चे को देखने का क्षण रिकॉर्ड हो गया। इसके बाद जब हमने महिला को वीडियो दिखाई तो वो काफी खुश हो गई। उसने हमसे वीडियो मांगकर कई बार देखी। इसके बाद हमने सोचा कि प्रोफेशनल फोटोग्राफर से शूट करवाया जाए।

**हर महीने 30-40 प्रतिशत माता-पिता करवाते है फोटोशूट**-प्रिया भावे ने बताया कि शुरू में नजर लगने जैसी बातों के चलते महिलाएं फोटोशूट कम कराती थीं, लेकिन अब सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद हर महीने डिलिवरी कराने वाले माता-पिता में से 30-40 प्रतिशत फोटोशूट कराते हैं। प्रोफेशनल फोटोग्राफर वीडियो फोटोग्राफी कराने पर इसकी कीमत 10 से 40 हजार है। बाकी हम खुद से इसकी वीडियो बनाकर दे देते हैं। उन्होंने बताया कि ललितपुर में एक महिला का पूरा परिवार रोजाना बच्चे के वीडियो देखता है। ऐसे लम्हे हर कोई संजोकर रखना चाहता है। हर हेल्थ हॉस्पिटल में ऑपरेशन हेड शहाना ने बताया कि ये एग्जीबिशन का तीसरा एडिशन है। एग्जीबिशन से पहले एक ऑनलाइन फोटोग्राफी प्रतियोगिता हुई थी।

# बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थी श्री एकेडमी में सम्मानित

**इंदौर.** ग्राम कोदरिया स्थित विद्यालय श्री एकेडमी में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ अंक लाने वाले विद्यार्थियों एवं उनके पालकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री सरदार मालवीय , कार्यक्रम के अध्यक्ष ग्राम पंचायत कोदरिया के सरपंच सतीश डावर एवं विशेष अतिथि डॉ बाबा साहब आंबेडकर मंडल अध्यक्ष महेश यादव ,मिश्रीलाल सुले,उमा सुले थे ।कार्यक्रम में कक्षा 10 एवं 12 में विद्यालय में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों के पालकों को भी विशेष अतिथि बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से अतिथियों ने किया ।इसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत पालको एवं स्कूल प्राचार्य हेमलता पाटीदार के द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों की इस स्वर्णिम सफलता के लिए बधाई और भविष्य में ऊंचे पायदान पर पहुंचने के लिए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की। प्राचार्या हेमलता पाटीदार ने यह बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों ,उनके पालकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों के लक्ष्य के प्रति सतत निरंतर प्रयास का साझा परिणाम है। उन्होंने बताया यह सफलता का तो अभी




एक पढ़ाव मात्र है बड़ी सफलताएं तो अभी विद्यार्थियों के जीवन में आना बाकी है । इसके लिए विद्यार्थी निरंतर प्रयास करते रहें। सरपंच सतीश डावर ने विद्यार्थियों को बताया कि आपके विद्यालय में सभी सुविधा उपलब्ध हैं उनका लाभ उठाकर आप माता-पिता, अपने क्षेत्र, अपने शिक्षक और राष्ट्र का नाम रोशन कर सकते हैं। महेश यादव ने बताया कि जीवन में ऐसी सफलताएं पाकर ही बड़े मुकाम को हासिल किया जा सकता है आप लगातार प्रयास करते रहें आपकी सफलता और जीत स्कूल डायरेक्टर राजेश पाटीदार और उनकी टीम के सानिध्य में तय है। जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय जी ने सभी पालकों को बधाई प्रेषित की और बताया कि आपका सहयोग और शिक्षकों के सहयोग के साथ सही मार्गदर्शन प्राप्त होने से विद्यार्थी इस मुकाम तक आए हैं अतः आप हमेशा विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग प्रदान करें उन्हें देश का अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित करें। कक्षा 10 और 12 के सभी विद्यार्थियों जिन्होंने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त किया उन्हें विशेष पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। साथ ही सभी विशेष मेधावी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर पालकों के साथ सम्मानित किया गया ।संस्थान के डायरेक्टर राजेश पाटीदार एवं शिक्षक संदीप पाल ने बताया कि सभी बोर्ड कक्षाओं 5,8,10 एवं 12 में विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा ।अधिकतम विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के लिए वर्षभर अनेक सफल प्रयास किए एवं विद्यार्थियों के सार्थक प्रयासों से बोर्ड परीक्षा में सकारात्मक परीक्षा परिणाम प्राप्त हुए। कक्षा 12 में राष्ट्रीय निशानेबाज कुमारी सहज जायसवाल ने 92 प्रतिशत अंकों के साथ कला संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं वाणिज्य संकाय में कुमारी मयूरी यादव ने 90त्न अंक हासिल कर संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय में 76त्न के साथ लक्ष्य बोध और साक्षी बनारसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 10 में कुमारी रिचा वर्मा ने 93.2 प्रतिशत के साथ प्रथम व कुमारी श्री पाटीदार ने 93 प्रतिशत के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान एवं 91.4 प्रतिशत के साथ हिमेश शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस शैक्षणिक सफलता पर सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की और उनका मनोबल बढ़ाया ।कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कामिनी संकट ने किया और आभार प्रदर्शन शिक्षिका आरती रायक ने किया ।कार्यक्रम का संयोजन ललतेश बैरागी ,सुदर्शन पाटीदार,रौनक पाटीदार ,दीपिका स्वामी,सुरभि पाटीदार ने किया ।कार्यक्रम के अंत में पहलगाम हमले में मारे गए सैलानियों के लिए भारतीय एयर फोर्स एवं सेना के प्रयासों के लिए सभी ने भारतीय सेना को सामूहिक धन्यवाद प्रेषित किया।

# अपर सत्र न्यायाधीश ओपी वोरा ने न्यायालय परिसर में किया शिशु कक्ष का उदघाटन

## पेटलावद कोर्ट परिसर की सुविधाओं में जुड़ा एक और अध्याय

**पेटलावद (इंदौर)।** न्यायालय परिसर पेटलावद में शनिवार को नया ओर स्वर्णिम अद्ययाय जुड़ गया ।

**नेशनल लोक अदालत हुई अयोजीत** - आज दिनांक 10 मई 2025 शनिवार के दिन नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया लोक अदालत का माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण ओर पूजन विधिवत तरीके से करते हुए नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया ।




**शिशु कक्ष का हुआ उदघाटन** - नेशनल लोक अदालत के शुभारम्भ के साथ ही -साथ प्रधान न्यायाधीश विधी सक्सेना के मार्गदर्शन में न्यायालय परिसर में शिशु कक्ष का उद्घाटन भी किया गया उ क्त शिशु कक्ष का उद्घाटन प्रधान न्यायाधीश पेटलावद ओम प्रकाश बोहरा साहब की अध्यक्षता में सिविल जज कनिष्ठ खण्ड श्रीमती नेहा मौर्य सोलंकी साहब एवं सिविल जज वर्ग वरीष्ट खण्ड सोहनलाल भगोरा साहब तथा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अविनाश उपाध्याय के द्वारा विधि विधान से उक्त शिशु कक्ष का उदघाटन किया गया।

**इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति** - इन अवसर पर न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण सीएमओ आशा भण्डारी, , एडवोकेट अनिल देवड़ा, अमृतलाल वोरा, रूपम पटवा,लक्ष्मीनारायण वैरागी, ,मनोहरसिह डोडिया ,मनीष गवली, संजय राठौर, चिरायु मोनन्त, राजेश यादव, मोहसिन मंसूरी ,कमलेश प्रजापत आदि अधिवक्ता एवं अन्य विभाग से आए कर्मचारी व बड़ी संख्या में पक्षकार उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति राष्ट्र की अवधारणा दृष्टि एवं आवश्यकता के अनुरूप

**नर्मदापुरम।** बनखेड़ी डॉ0 रवीन्द्र कान्हेरे (अध्यक्ष- विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान , अध्यक्ष- शुल्क विनियमन आयोग मध्य प्रदेश ) स्थानीय ग्रामोदय एवं सैनिक विद्यालय परिसर में संचालित दस दिवसीय आचार्य दक्षता वर्ग के पंचम दिवस के संवाद-सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्री डॉ0 रवीन्द्र कान्हेरे - माननीय अध्यक्ष, विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान एवं अध्यक्ष शुल्क विनियमन आयोग मध्य प्रदेश , मध्यभारत के प्रांत संगठन मंत्री श्री निखिलेश महेश्वरी , श्री मकरंद सिंह पटेल एवं वर्ग संयोजक श्री सुनील दीक्षित की गरिमामयी उपस्थिति रही। संवाद-सत्र में विषय प्रवर्तन करते हुए डॉ0 रवीन्द्र कान्हेरे ने शिक्षा का परिदृश्य विषय पर प्रकाश डाला। आपने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति





को लेकर समाज में फैलाये जा रहे असत्य, देश विरोधी और भ्रामक विमर्शों का प्रभावी खंडन करना है...! आपने कहा कि भारत की शिक्षा भारतीय दृष्टि से युक्त तथा भारत केंद्रित होना चाहिए .....। हमें शिक्षा के द्वारा भारत की विस्मृत कर दी गई ज्ञान-परम्परा को पुनः राष्ट्र की मुख्य-धारा में लाना है..तथा शिक्षा-क्षेत्र में छात्र-जगत को समानता के अवसर उपलब्ध कराना है। आपने बताया कि भारतीय समाज सदा से आत्म-निर्भर था और आज हमें स्किल डेपलपमेंट द्वारा उद्यमिता और स्वावलंबन की दिशा में दृढता पूर्वक आगे बढ़ना है....! राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंदर हमें इसी प्रेरणा-पक्ष की अनुभूति होती है। इस अवसर पर संचालन टोली सहित सम्पूर्ण मध्य भारत प्रांत से आये प्रशिक्षणार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी के विजेता प्रतिभागी को अतिथि गण द्वारा पुरस्कृत किया गया । श्री संदीप बालोदिया ने विज्ञान प्रयोग का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रुचि शुक्ला ने किया।

# देवी अहिल्या बाई पर नवप्रकाशित पुस्तक का विमोचन 16 मई को

## अटल सभागृह में बैठक आयोजित कर बनाई पुस्तक विमोचन समारोह की रूपरेखा

**बैतूल।** जयवंती महाविद्यालय के अटल सभागृह में रविवार सुबह अखिल भारतीय साहित्य परिषद् और पुण्यश्लोक देवी अहिल्या त्रिशताब्दी समारोह समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लगभग आधा सैकड़ा कार्यकर्ता शामिल हुए। इस बैठक में देवी अहिल्या पर प्रवीण दाताराम गुगनानी की नवप्रकाशित पुस्तक जय जय जयतु अहिल्या बाई के विमोचन कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। देवी अहिल्या की गौरवमयी जीवन यात्रा पर केंद्रित इस पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के संबंध में विभिन्न जानकारियां श्रीमती वंदना कुंभारे, सचिव देवी अहिल्या समिति, विजय हारोड़े, कोषाध्यक्ष अहिल्या समिति और विनय डोंगरे, सचिव देवी अहिल्या समिति द्वारा दी गईं।



बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यह भव्य समारोह 16 मई को जयवंती महाविद्यालय के अटल सभागृह में आयोजित किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण अवसर की अध्यक्षता संत उत्तमस्वामी करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक अशोक पांडे उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्य परिषद् के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर, केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उईके और पूर्व राज्यमंत्री तपन भौमिक भी मंच की शोभा बढ़ाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से श्रीमती वंदना कुंभारे, उषा द्विवेदी, प्रमिला, नीतू चढ़ोकार, साक्षी शर्मा, तूलिका पचौरी, अल्का पांडे, प्रमिला सिमैया, अनुसुइया अमरूते, सुशीला बोड़खे, सिद्धलता महाले, विनय डोंगरे, प्रवीण दाताराम गुगनानी, केतन चतुर्वेदी, अभिषेक सेन, घनश्याम मदान, विजय हारोड़े, मधुकर साबले, दीपक कपूर, पप्पी शुक्ला, बालाराम साहू, रामनारायण शुक्ला, विजय कुबड़े, दीपक पाल, राजेश मंसूरिया, गणेश दरवाई, बलराम जसूजा, दिनेश सोनी, ऋषभ जैन, पंजाबराव गायकवाड़ और हिमांशु शर्मा उपस्थित रहे।

# नव अंकुर संस्था आदर्श ग्रामीण बालोदय शिक्षा विकास समिति गहलावन द्वारा जल गंगा अभियान के तहत की साफ सफाई

**रायसेन।** जिले में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत



उपलब्ध जल संरचनाओं जैसे तालाब ,पुराने कुएं नदियों हैंडपंपों ,में श्रमदान के द्वारा स्वच्छता के कार्य किया जा रहे हैं साथ ही नागरिकों को भी जल संरक्षण हेतु प्रेरित किया जा रहा है इसी क्रम में रायसेन जिले के विकासखंड उदयपुरा की ग्राम पंचायत नयाखेड़ा नर्मदा तट पर नवांकुर संस्था आदर्श ग्रामीण बालोदय शिक्षा विकास समिति गहलावन द्वारा श्रमदान साफ सफाई की गई साथ ही नागरिकों को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया ।जिसमें लगभग 1 घंटे का सभी सदस्यों ने श्रमदान किया मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जिला रायसेन विकासखंड उदयपुरा द्वारा चयनितन नव अंकुर संस्था आदर्श आदर्श ग्रामीण बालोदय शिक्षा विकास समिति गहलावन द्वारा नयाखेड़ा नर्मदा तट पर पन्नी,बाटल ,कचरा,दोना पत्तल , आदि एकत्रित किया गया एवं मां नर्मदा नदी को स्वच्छ बनाए रखने के लिए संकल्प लिया इस मौके पर समिति सदस्य डालचंद लोधी ,लखन लोधी, सुमित नौरिया ,निखिल लोधी ,मनीष, पवन ,नरेश ,सहित संस्था प्रमुख शेख सलीम उपस्थित रहे.

# मंदसौर पुलिस थाना कोतवाली पुलिस द्वारा तेलिया तालाब एवं दशरथ नगर मे हुई चेन स्नेचिंग की घटना का किया पर्दाफाश

**मंदसौर।** कुल 02 लाख 22 हजारु रुपये का मश्रुका जप्त ।पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री अभिषेक आनंद के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर -श्री गौतम सोलंकी ,व नगर पुलिस अधीक्षक मंदसौर -श्री सतनाम सिंह के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 29-03-25 को तेलिया तालाब पर हुई चेन स्नेचिंग व दिनांक 05-05-25 को दशरथ नगर मे हुई चेन स्नेचिंग की घटना का पता लगाने में सफलता प्राप्त की है ।महिला थाना क्षेत्र के तेलिया तालाब पर बैठी हुई थी ,जो एक अज्ञात व्यक्ति पीछे से आया ओर चेन झपटकर भाग गया। जिस पर से सूचना पर थाना पर अपराध क्रमांक 161/2025 धारा 304(2) ब्नह्रस् का दर्ज किया गया ,अनुसंधान मे लिया गया वही इसी प्रकार की एक अन्य घटना दिनांक 05-05-2025 को घटना



स्थल दशरथ नगर वार्ड क्र.06 माली कालोनी मंदसौर को घटित हुई जिसमे की दशरथ नगर निवासी एक महिला जो अपने घर के बाहर टहल रही थी । इस दौरान एक लाल, नीले रंग की मोटर साईकिल रेकी करते सामने से आयी व पास आकर पीछे से महिला के गले से चेन झपट कर फरार हो गये। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पर अपराध क्रमांक 224/2024 धारा 304, 3(5) बीएनएस का दर्ज किया जाकर अनुसंधान मे लिया गया। उक्त अपराध में सीसीटीवी फुटेज मे 02 संदिग्ध व्यक्ति दिखे जिनकी पहचान हेतु थाना कोतवाली पुलिस द्वारा पृथक पृथक 05 पुलिस टीमें बनाकर मंदसौर शहर के सीसीटीवी केमरे फुटेज व मदंसौर से नीमच की ओर जाने वाले सीसीटीवी केमरे फुटेज व सायबर सेल के सहयोग से तकनिकी जानकारी प्राप्त की एवं अन्य राज्यो मे भी अपराध के अंतर्गत संदिग्ध व्यक्तियो के संबध मे जांच पतारसी की व अनुसंधान संबधी कार्यवाही की। उक्त घटना मे श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर श्री गौतम सोलंकी घटना के तुरंत बाद घटना स्थल पर मौके पर पहुच गये थे एवं जो उपलब्ध पुलिस बल था उसको अनुसंधान के संबध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये व संपूर्ण कार्यवाही उनके पर्यवेक्षण मे हुई है। उक्ट घटना मे मंदसौर, नीमच, नयागॉव, निम्बाहेंडा तथा महू नीमच हाईवे के 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरो को चेक किया जाकर घटना कारित करने वाले आरोपियो का पता लगाने मे पुलिस ने सफलता प्राप्त की ।उक्ट घटना को पारदी गेंग के आरोपी जो की वर्तमान मे औरंगाबाद महाराष्टर के डेरे मे निवास कर रहे है और नीमच के पारदी डेरे के आरोपियो के द्वारा संयुक्त रुप से घटना को अंजाम दिया गया था। उक्त घटना मे वर्तमान में 03 आरोपियो को राउंड अप किया जाकर वैधानिक कार्यवाही कर एक आरोपी का 03 दिवस का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है। इसमे अन्य आरोपियो के बढने की संभावना है। उक्त आरोपीयो के द्वारा अंतराज्यीय स्तर पर घटनाए कारित की गई है। घटना मे झपट कर प्राप्त की गई चेन को पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया।

# पलेरा नगर में सपा लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मजार पर चढ़ाई गई चादर

## हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक मजार शरीफ पर चढ़ाई गई चादर

**पलेरा (टीकमगढ़)** पलेरा नगर में सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रामविजय यादव के नेतृत्व मैं मजार पर चढ़ाई



गई चादर ।जिसमें मुस्लिम और हिंदू समुदाय के अनेक लोग उपस्थित रहे। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की हम सभी हिंदुस्तानी है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई,आपस में हम भाई भाई का नारा जो हमारे महापुरुषों ने दिया है। उसी पर चलने की आवश्यकता है ।मिल जुल कर सभी धर्मो के त्यौहार मनाने से हमारे देश में अमन चेन और गंगा, जमुना ,तहजीब और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है। सपा लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव ने कहा गर्व है। की हम सब हिंदुस्तानी है। इस मौके पर सपा लोहिया वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राम विजय यादव जी, सपा लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव, सपा जिला महासचिव सुरेश चढ़ार, छात्र सभा जिला अध्यक्ष काजुल यादव,सपा जिला उपाध्यक्ष इमरान खान, पूर्व सरपंच लक्ष्मी यादव, हबीब खान नगर अध्यक्ष सपा, अकरम खान, सत्यम सेन, गौरव सेन, जगदीश ,रविंद्र, मुकीम खान, वाहिद खान, पत्रकार शब्बीर खान, पत्रकार मोहम्मद ख्वाजा, पत्रकार रामसिंह यादव, बल्ले राईन, महेंद खंगार, रामकुमार चढ़ार, बहिद खान,आदि अनेक लोग उपस्थित रहे।

# ब्रह्मोत्सव में होगा 300 से अधिक प्रतिभावान विद्यार्थियों और आचार्यों का सम्मान

## प्रांत स्तरीय ब्रह्मोत्सव की तैयारियों को लेकर ब्राह्मण समाज की हुई बैठक

**रिपोर्ट अनूप तिवारी, खरगोन।** आगामी 17 व 18 मई को आयोजित होने वाले प्रांत स्तरीय ब्रह्मोत्सव में समाज के 150 प्रतिभावान विद्यार्थियों और 150 से अधिक आचार्यों का सम्मान किया जाएगा। इसके लिए उत्साह के साथ प्रतिभावान विद्यार्थियों प्रविष्टियां जमा करवा रहे है। साथ ही कर्मकांड करने वाले समाज के 150 से अधिक आचार्यों का भी सम्मान किया जाएगा। सभी समझ जन ये ध्यान रखे कि कोई भी प्रतिभावान विद्यार्थी और कोई भीआचार्य छूट न पाए। ये बात ब्राह्मण समाज की बैठक में शनिवार शाम गौरीधाम स्थित देवयानी विश्रांति गृह में कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व विधायक रवि जोशी ने कही। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में महिला उद्यमी मेला, विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन,यज्ञोपवीत संस्कार,समाज की पुस्तिका का





विमोचन, प्रतिभावान विद्यार्थियों और आचार्यों का सम्मान जैसे विविध कार्यक्रमों की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजन का प्रथम निमंत्रण श्री सिद्धिविनायक के श्रीचरणों में भेंट किया गया। इसके पश्चात समाज की सभी इकाइयों को आमंत्रण पत्र सौंपे गए,जिन्हें वे समाज के प्रत्येक घर तक पहुंचाएंगे ।मीडिया प्रभारी नीरज ठक्कर एवं अनूप तिवारी ने बताया कि बैठक में विभिन्न आयोजन प्रभारियों ने अपनी तैयारियों की जानकारी दी। प्रतिभा सम्मान प्रभारी अशोक दीक्षित ने बताया कि अब तक 150 विद्यार्थियों की प्रविष्ट्यिां प्राप्त हो चुकी हैं। यज्ञोपवीत संस्कार प्रभारी दीपक जोशी एवं जितेंद्र शर्मा ने 41 बटुकों के शामिल होने की जानकारी दी। महिला उद्यमी मेले की प्रभारी इंदिरा मंडलोई एवं शुभा खोड़े ने बताया कि 30 स्टॉल की बुकिंग हो चुकी है। आचार्य सम्मान प्रभारी पंडित महेंद्र भटोरे एवं राहुल कानूनगो ने बताया कि करीब 150 से अधिक आचार्यों का सम्मान किया जाएगा।